**विषय : हिंदी** **पुनरावृत्ति पत्रक** **सत्र :2026-2027**

**कक्षा –सात**

**अपठित बोध**

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गदयांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है।मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट,सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय हैं - प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है वह बाहरी चीज नहीं है।

1. संसार में कौन लोग अमर हो पाते हैं?
(क) जिनकी कभी मृत्यु नहीं होती।
(ख) जो गरीब परिवार में जन्म लेते हैं।
(ग) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

2. संसार में जो अमरत्व प्राप्त करते हैं, उनमें से अधिकांश का जन्म प्रायः-
(क) संपन्न परिवार में होता है।
(ख) उच्च जाति में होता है।
(ग) मध्यम वर्ग या गरीब परिवार में होता है।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. सादगी का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है?
(क) गरीबी से
(ख) इच्छा से
(ग) विचारों से
(घ) सादे वस्त्र पहनने से

4.चारित्रिक गुणों के विकास के लिए कौन-कौन से गुण आवश्यक हैं?

5. व्यक्ति की सच्ची पहचान किस बात से होती है और क्यों?

## व्याकरण

**प्रश्न 2) निम्नलिखित शब्दों के उत्पत्ति के आधार पर भेद बताइए |**
क)सर्प
ख) तोप
ग)पगड़ी
घ)प्रोफ़ेसर
ड) कछुआ
च) लाठीचार्ज

**प्रश्न 3) संज्ञा शब्दों को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए |**
1) सभी घरों में दीपक जल उठे |
2) कलकत्ता शहर सदियों पुराना है |
3) मास्टर अनुभवी था |
4) रेलगाड़ी खरीद भी लोगे तो चलाओगे कहाँ ?
5) जंगल जानवरों से भरा पड़ा है |

**प्रश्न 4) लिंग , वचन**

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए – बैल , गुरु , माली , विधवा , हलवाई , बिलाव , खरगोश

निम्नलिखित शब्दों के वचन बताइए – हस्ताक्षर , पैसा , खिड़कियाँ , मालाएँ , मेज, पाठकवर्ग , चाबियाँ

**प्रश्न 5) रिक्त स्थानों में निर्देशानुसार सर्वनाम शब्द भरिए |**
1) ____________ (निजवाचक सर्वनाम) ही अपना सारा गृहकार्य पूरा करूँगा।
2) दरवाजे पर __________ (अनिश्चयवाचक सर्वनाम) खड़ा है, ज़रा जाकर देखो।
3) _________ (संबंधवाचक सर्वनाम) परिश्रम करेगा, वही परीक्षा में सफल होगा।
4) __________ (प्रश्नवाचक सर्वनाम) आज हिंदी की कक्षा में अनुपस्थित है?

**प्रश्न 6) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-**

क) पशु
ख) खटमल
ग) गीदड़
घ) मक्खी
ङ) बकरा
च) अश्व
छ) मछली

**प्रश्न 7) अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए -**

क) कुल
ख) गोल
ग) मुद्रा
घ) काम
ङ) मन
च) धारा
छ) लाख

**प्रश्न 8) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए –**

क) जीने की इच्छा -
ख) जिसे टाला न जा सके –
ग) जो सदा रहे –
घ) जो भविष्य में आने वाला हो –
ङ) साधारण नियम से भिन्न –
च) अधिक बरसात होना –
छ) जिसका कोई शत्रु न हो -

**प्रश्न 9) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –**

क) एक ही लाठी से हाँकना
ख) ईंट से ईंट बजाना
ग) आसमान टूट पड़ना
घ) आँचल पसारना
ङ) उल्टी गंगा बहाना
च) आँखें चुराना
छ) आटे – दाल का भाव मालूम होना

**प्रश्न 10) विराम चिह्न का नाम लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |**

क) - ;
ख) - ?
ग) - __
घ) – ( )
ङ) - !

**प्रश्न 11) शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग – प्रत्यय व मूल शब्द अलग- अलग कीजिए |**

क) उम्रभर
ख) दीवानापन
ग) सामाजिक
घ) सुशीला
ङ) दिखावा
च) ममेरा
छ) बंदगी
ज) स्वयंसेवक
झ) समक्ष
ञ) वैभव

**प्रश्न 12) साहित्य ( मल्हार )**

**पाठ 1: माँ, कह एक कहानी (कविता)**

प्रश्न 1)बालक राहुल अपनी माँ यशोधरा से किस बात की हठ (ज़िद) कर रहा था और क्यों?

प्रश्न 2)उपवन में हंस के घायल होकर गिरने पर सिद्धार्थ ने क्या किया?

प्रश्न 3) शिकारी (आखेटक) और सिद्धार्थ के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ?

प्रश्न 4) "रक्षक से भक्षक बड़ा होता है या भक्षक से रक्षक?" - पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**पाठ 2: तीन बुद्धिमान (लोककथा)**

प्रश्न 1) राजा ने तीन बुद्धिमानों की परीक्षा लेने के लिए क्या शर्त रखी थी?

प्रश्न 2) तीनों बुद्धिमानों ने अपनी बुद्धिमत्ता और सूझ-बूझ का परिचय किस प्रकार दिया?

प्रश्न 3) कहानी के अंत में राजा ने तीनों बुद्धिमानों को क्या पुरस्कार दिया और क्यों?

प्रश्न 4)  इस लोककथा से हमें क्या सीख मिलती है? अपने शब्दों में लिखिए।

**पाठ 3: फूल और काँटा (कविता)**

प्रश्न 1) 'फूल और काँटा' कविता में कवि ने एक ही पौधे पर उगने वाले फूल और काँटे के स्वभाव में क्या अंतर बताया है?

प्रश्न 2) काँटा दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करता है? उसके दो मुख्य अवगुण लिखिए।

प्रश्न 3) फूल अपनी महक और सुंदरता से दूसरों का मन कैसे मोह लेता है?

प्रश्न 4) कवि के अनुसार मनुष्य महान अपने कुल से बनता है या अपने कर्मों से? स्पष्ट कीजिए।

**पाठ  4: पानी रे पानी (निबंध)**

प्रश्न 1) लेखक के अनुसार जल-चक्र की प्रक्रिया क्या है और यह हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है?

प्रश्न 2) देश में अकाल और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के मुख्य कारण क्या हैं?

प्रश्न 3) "भूजल (Groundwater) रूपी बैंक में बचत करना क्यों ज़रूरी है?" पाठ के आधार पर समझाइए।

प्रश्न 4) जल संकट से निपटने के लिए हम अपने दैनिक जीवन में क्या-क्या कदम उठा सकते हैं?

**पाठ 5: नहीं होना बीमार**

प्रश्न 1) स्वस्थ रहने के लिए आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता की क्या भूमिका है?

प्रश्न 2) बीमार पड़ने पर हमारे शरीर और दैनिक कार्यप्रणाली पर क्या प्रभाव पड़ता है?

प्रश्न 3) मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए कौन-कौन सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

प्रश्न 4) "परहेज/सावधानी इलाज से बेहतर है" - इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

**रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न 13)  प्लास्टिक हटाओ' विषय पर लगभग 20 से 30 शब्दों में नारा लिखिए |**

**प्रश्न 14)  बिजली की आपूर्ति ना होने पर बिजली विभाग को शिकायती पत्र लिखिए |**

**प्रश्न 15) छोटे भाई को व्यायाम का महत्त्व समझाते हुए जल्दी उठने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए|**

**प्रश्न 16) 'भारतीय त्योहार' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |**

**प्रश्न 17) पुस्तक खो जाने पर दो छात्रों की बातचीत को 70 से 80 शब्दों में संवाद लिखिए |**

**प्रश्न 18) गणतन्त्र दिवस पर मित्र को 20 से 30 शब्दों में संदेश लिखिए |**

.